माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, उत्तराखण्ड, ननूरखेडा, तपोवन, देहरादून।

पत्रांक–सेवा–2 / अराज0 /4671–73 / 2016–17 दिनांक 13 मई, 2016

विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड विशेष अधीनस्थ शिक्षा, प्रवक्ता संवर्ग में सीधी भर्ती से प्रवक्ता महिला शाखा एवं सामान्य शाखा में शिक्षकों के चयन हेतु उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग हरिद्वार से प्राप्त संस्तुति के कम में शासनादेश सं0 265 दिनांक 11 अप्रैल, 2016, शासनादेश सं0 200 दिनांक 14 मार्च, 2016, शासनादेश सं0 01 दिनांक 01 जनवरी, 2016, शासनादेश सं0 35 दिनांक 19 जनवरी, 2016 एवं शासनादेश सं0 146 दिनांक 24 फरवरी 2016 द्वारा औपबन्धिक समाप्ति के उपरान्त 254 अभ्यर्थियों की चयन संस्तुति प्राप्त हुई है।

शासनादेश सं0 257 दिनांक 22 अप्रैल, 2016 के कम में चयनित अभ्यर्थितयों की पदस्थापना उत्तराखण्ड शिक्षक (विद्यालयी शिक्षा) प्रथम नियुक्ति, पदोन्नति एवं स्थानान्तरण पर पदस्थापन नियमावली, 2013 यथा संशोधित (चतुर्थ संशोधन) 2014 के नियम–8 में विहित व्यवस्था के अनुसार काउन्सिलिंग के माध्यम से पारदर्शिता के साथ की जानी है।

चयनित अभ्यर्थियों के अभिलेखों के सत्यापन/मिलान एवं काउन्सिलिंग के माध्यम से विद्यालयों में पदस्थापना हेतु **दिनांक 24–27 मई, 2016** को निम्नलिखित विषयों में चयनित अभ्यर्थी नीचे तालिका में दी गयी तिथियों को अपने विषय एवं संवर्ग के अनुसार काउन्सिलिंग हेतु राजीव गांधी नवोदय विद्यालय ननूरखेड़ा देहरादून में प्रातः 9:00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

यदि कोई अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को विलम्ब से उपस्थित होते हैं, अथवा अनुपस्थित रहते हैं, तो उनकी अनुपस्थिति में अगले अभ्यर्थी को अभिलेखों के सत्यापन के उपरान्त उनके द्वारा दिये गये विकल्प के अनुसार विद्यालय आवंटित कर दिया जायेगा, ऐसी स्थिति मे विलम्ब से आने वाले/अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होंगे। अनुपस्थित अभ्यर्थियों के अभिलेखों के सत्यापन के उपरान्त ही विद्यालयों में पदस्थापना की कार्यवाही की जा सकेगी।

सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्ति हेतु औपबन्धिक समाप्ति के उपरान्त संस्तुत अभ्यर्थियों की संवर्गवार/विषयवार आयोग से प्राप्त सूची एवं रिक्ति का विवरण विभाग की वेबसाईट **www.schooleducation.uk.gov.in** पर अपलोड की जा रही है।

काउन्सिलिंग हेतु समय–सारिणी निम्नवत् निर्धारित है–

क0सं0	दिनांक	विषय (प्रवक्ता सामान्य संवर्ग)	विषय (प्रवक्ता महिला संवर्ग)
1	24–5–2016	जीव विज्ञान	
2.	25–5–2016	समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, कला, सैन्य विज्ञान, मनोविज्ञान	मनोविज्ञान, रसायन विज्ञान
3.	26–5–2016		अर्थशास्त्र, गृह विज्ञान, नागरिक शास्त्र, जीव विज्ञान, अंग्रेजी
4.	27–5–2016	वाणिज्य	भूगोल, गणित, इतिहास, भौतिक विज्ञान, समाजशास्त्र, संस्कृत

चयनित अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को प्रातः 9:00 बजे काउन्सिलिंग स्थल पर निम्नलिखित अभिलेखों सहित उपस्थित होना सुनिश्चित करें–

1. समस्त शैक्षिक/प्रशिक्षण संबंधी अंकपत्र एवं प्रमाण पत्रों की मूल प्रति एवं शैक्षिक/प्रशिक्षण संबंधी अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों की राज पत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित एक–एक छायाप्रति।
2. आरक्षण/निःसक्तता, यदि कोई हो, से संबंधित मूल प्रमाण पत्र एवं उनकी एक–एक सत्यापित छायाप्रति।
3. राजपत्रित अधिकारी द्वारा निर्गत दो चरित्र प्रमाण पत्र (जो 06 माह से अनधिक समय से पूर्व निर्गत न हो)।
4. राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित पासपोर्ट साइज की दो फोटोग्राफ।

अपर निदेशक
माध्यमिक शिक्षा, उत्तराखण्ड

Press Vigyapti